केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने गुजरात की राजधानी गांधीनगर में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया

आज गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कुल 1 हजार 52 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ, ये कार्य भारत सरकार और गुजरात सरकार के माध्यम से हुए हैं

गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में इन सभी विकास कार्यों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूँ

आज 792 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खुद का घर मिला है, अब इन सभी को घर की चिंता से मुक्ति मिलेगी और वे अपने भविष्य को समृद्ध बनाने में जुटेंगे

रेवाबाई जनरल अस्पताल और सेठ एन.एन.सार्वजनिक अस्पताल ऐसे हॉस्पिटल हैं जिनका उद्देश्य लाभ कमाना नहीं है, यह संस्थाएं लोगों को किफायती दामों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं

गृह मंत्री ने अस्पताल के ट्रस्टियों को इस भागीरथ कार्य के लिए शुभकामनायें देते हुए उनसे इस हॉस्पिटल को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के पैरामीटर में लाने का आग्रह किया जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी बिना पैसे के अपना इलाज़ करवा सके

GIHED CREDAI द्वारा गांधीनगर के 150 आंगनवाड़ियों में शुरू की गई खिलौने वितरण की पहल अत्यंत सराहनीय है, इससे पूरे क्षेत्र के गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौटेगी

श्री शाह ने आज GUDA द्वारा नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित किया, इस उद्यान में बच्चों के खेलने से लेकर वृद्धजनों के टहलने तक की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं

पूरे क्षेत्र में ऐसे अनेक उद्यानों का निर्माण किया जा रहा है, इससे स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा

प्रविष्टि तिथि: 13 AUG 2023 8:58PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की राजधानी गांधीनगर में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।

अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा किआज गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कुल 1 हजार 52 करोड रुपये के कार्यों का लोकार्पण और शुभारंभ हुआ है। ये कार्य भारत सरकार और गुजरात सरकार के माध्यम से हुए हैं। उन्होने कहा कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में इन सभी विकास कार्यों के लिएप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। श्री शाह ने कहा कि आज 792 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खुद का घर मिला है,अब इन सभी को घर की चिंता से मुक्ति मिलेगी और वे अपने भविष्य को समृद्ध बनाने में जुटेंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि रेवाबाई जनरल अस्पताल और सेठ एन.एन.सार्वजनिक अस्पताल ऐसेहॉस्पिटल हैं जिनका उदेश्य लाभ कमाना नहीं है। आज रेवाबाई जनरल अस्पताल को नया बनाने की शुरुआत भी हो गई है। इसीतरह सेठ एन.एन पटेल सार्वजनिक कॉलेज की छह मंज़िला नई इमारत का भूमिपूजन और पूरे अस्पताल को नया बनाने की भी शुरुआतहुई है। उन्होने कहा कि 25-50 वर्ष किसी संस्था को चलाना बहुत मुश्किल काम है और एक सार्वजनिक हॉस्पिटल चलनासबसे कठिन कार्य है।गृह मंत्री ने अस्पताल के ट्रस्टियों को इस भागीरथ कार्य के लिए शुभकामनायें देते हुए उनसे इस हॉस्पिटल को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के पैरामीटर में लाने का आग्रह किया जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी बिना पैसे के अपना इलाज़ करवा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में हॉस्पिटल को अपग्रेड और रजिस्टर्ड करावा देने से गरीब व्यक्ति के इलाज़ का खर्च प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हॉस्पिटल को भेज देंगे।

श्री अमित शाह ने कहा किGIHED CREDAI द्वारा गांधीनगर के 150 आंगनवाड़ियों में शुरू की गई खिलौने वितरण की पहल अत्यंत सराहनीय है, इससे पूरे क्षेत्र के गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लौटेगी। श्री शाह ने आज GUDA द्वारा नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित किया, इस उद्यान में बच्चों के खेलने से लेकर वृद्धजनों के टहलने तक की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र में ऐसे अनेक उद्यानों का निर्माण किया जा रहा है।इससे स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि आज गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए अनेक सड़कों का निर्माण भी हो रहा है। श्री अमित शाह ने अपने लोकसभा क्षेत्र के रंधेजा से बालवा 4 लेन रोड के चौड़ीकरण के कार्य का भी शिलान्यास किया।

*****

आरके / एसएम/ आरआर

(रिलीज़ आईडी: 1948384) आगंतुक पटल : 101

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English